# दो कर्मचारियों को सौंपे नवीन दायित्व

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्य व्यवस्था एवं प्रशासकीय सुविधा की दृष्टि से ऋषि मोहन को वार्ड क्रमांक 13 का वार्ड प्रभारी का दायित्व सौंपा। इसके अलावा नरेन्द्र छपरी को सेनेटाईजर दल प्रमुख का दायित्व सौंपा है, जो वर्तमान में फैल रही डेंगू बीमारी की रोकथाम हेतु प्रत्येक वार्ड में कीटनाशक दवा छिड़काव का कार्य करेंगे।

प्रसारण 18/8/21

# अतिक्रमण करने पर दो व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम | बिल्डिंग मटेरियल फैलाकर गंदगी करने वाले दो व्यक्तियों पर स्पॉट फाइन दल ने जुर्माना लगाया। इसमें आकाश जैन मेहता जी का वास पर 5000 रुपए, रमेशचंद्र परमार लक्कड़पीठा रोड पर 2500 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया।

दै. भास्कर 18/8/21

# दो पर किया 7500 का जुर्माना

रतलाम. ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, भवन निर्माण सामग्री फैलाकर अतिक्रण करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु स्पॉट फाईन दल द्वारा संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत मंगलवार को 2 व्यक्तियों पर 7500 रुपए का जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त झारिया ने बताया भवन निर्माण सामग्री फैलाकर अतिक्रमण करने पर आकाश जैन निवासी मेहता जी का वास पर 5 हजार रुपए व रमेशचन्द्र परमार लक्कड़पीठा रोड पर 2500 रुपए का स्पॉट फाईन किया गया।

## गाजर घास जागरुकता सप्ताह शुरू

रतलाम. नगर निगम ने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत गाजर घास सप्ताह अभियान की शुरुआत की है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया खरपतवार अनुसंधान निदेशालय के निर्देश अनुसार प्रतिवर्ष अनुसार 22 अगस्त तक यह सप्ताह मनाया जाएगा।

पत्रिका 18/8/21

# गाजरघास जागरूकता सप्ताह प्रारंभ

रतलाम। खरपतवार अनुसंधान निदेशालय के निर्देशानुसार इस वर्ष भी गाजर घास जागरूकता सप्ताह 16 से 22 अगस्त तक मनाया जा रहा है। जागरूकता अभियान में किसानों व आम नागरिकों को गाजर घास के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया जाएगा। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि गाजर घास जहां एक ओर मानव स्वास्थ्य व पशुओं में विभिन्न समस्याएं पैदा करती हैं, वहीं दूसरी ओर पर्यावरण को भी दूषित करती है। उत्पादकता को कम करते हुए जैव विविधता को भी भारी नुकसान पहुंचाती है। गाजरघास जागरूकता अभियान में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसमें गाजर घास को उखाड़ना, मैक्सिकन बीटल कीड़ों को छोड़ना आदि सम्मिलित हैं।

नईदुनिया 18/8/21

# 98 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को 98 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर व ट्रैक्टर-ट्राली से 57710, काम्पेक्टर सूखा कचरा 22240, काम्पेक्टर गीला कचरा 14890, मैजिक से 3200 किलो इस तरह कुल 98040 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

नईदुनिया 18/8/21

**अक्टूबर माह से होगी आयोजन की शुरुआत**

# पूरे वर्ष मनाएंगे आजादी का अमृत महोत्सव



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होना हर देशवासी के लिए गौरवपूर्ण है। शहर में भी स्वतंत्रता का 75 वां वर्ष अमृत महोत्सव के रूप में गरिमामय आयोजनों के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने प्रबुद्धजनों शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय वाते, शिक्षाविद् डॉ. मुरलीधर चांदनीवाला, प्रोफेसर प्रदीपसिंह राव, निर्मल लुनिया को मंगलवार शाम को आमंत्रित कर चर्चा की।

चर्चा के दौरान पूरे वर्ष विभिन्न वर्गों के लिए कार्यर म आयोजित करने के साथ-साथ अमृत महोत्सव रतलाम के नाम से समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया। समिति स्वतंत्रता के आंदोलन में रतलाम की भूमिका विषय पर विशेष आयोजन करेगी। विधायक काश्यप ने कहा कि अमृत महोत्सव पूरे देश में आयोजित हो रहा है। रतलाम में भी इसकी गरिमा अनुरूप कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अमृत महोत्सव के अंतर्गत बुद्धिजीवियों, युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करने के साथ-साथ स्वतंत्रता से जुड़ी स्मृतियों पर केंद्रित व्याख्यान एवं प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। विधायक काश्यप ने कहा कि अमृत महोत्सव के अंतर्गत होने वाले आयोजन की रूपरेखा तय करने हेतु समिति का गठन जल्द किया जाएगा। समिति द्वारा अक्टूबर माह से अमृत महोत्सव के आयोजनों की शुरूआत की जाएगी।

पत्रिका 18/8/21

**सागोद रोड रेलवे पुलिया** • 54 पेड़ हटाए बदले में पलसोड़ी में 270 पौधे लगाए

# आज से खुदाई, पहले रिटेनिंग वॉल बनेगी, अभी बंद नहीं होगा ट्रैफिक

**मुख्य पुलिया टूटने तक यातायात का संचालन रूट पर जारी रहेगा**

### पटरी के ऊपर वाला 54 मीटर का मुख्य हिस्सा रेलवे बनवाएगा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

2023 खत्म होने से पहले बाजना बस स्टैंड-वरोठ माता मंदिर फोरलेन के बीच वाली सागोद रोड रेलवे पुलिया भी फोरलेन इतनी चौड़ी हो जाएगी। 18 अगस्त से पुलिया को चौड़ा करना शुरू करेंगे। सबसे पहले दोनों तरफ रिटेनिंग वॉल बनेगी।

यह काम करने वाली गुजरात की रिपॉल कंस्ट्रक्शन की मशीनें आ गई हैं। पुलिया के आसपास के 54 पेड़ काटकर हटा दिए हैं। इसके बदले पलसोड़ी में बन रहे नगर निगम के वर्कशॉप परिसर में 270 पौधे रोपे हैं। बुधवार से रिटेनिंग वॉल के लिए खुदाई शुरू हो जाएगी। मुख्य हिस्सा टूटने की स्थिति में आने के बाद इससे होकर गुजरने वाले यातायात को डायवर्ट किया जाएगा। लगभग 3.6 किमी लंबी सड़क डेढ़ साल पहले ही फोरलेन में तब्दील हो चुकी है। पुलिया के नीचे से गुजरने वाली पटरी के ऊपर वाला मुख्य हिस्सा बनाने की अड़चन के कारण इसका चौड़ीकरण नहीं हो पा रहा था।



सुभाष नगर फ्लाई ओवर के लिए पिलर बनाते कर्मचारी। फोटो - चिंटू मेहता

### ऐसी बनेगी रेलवे पुलिया

- **534** मीटर लंबाई
- **21.20** मीटर चौड़ाई
- **54** मीटर पटरी का ऊपरी हिस्सा
- **480** मीटर दोनों तरफ की एप्रोच रोड
- **320** मीटर वरोठ माता मंदिर तरफ एप्रोच रोड
- **160** मीटर बाजना बस स्टैंड तरफ एप्रोच रोड
- **25.27** करोड़ खर्च

### सुभाष नगर ब्रिज : 38 लाख का अवॉर्ड पास

सुभाष नगर फ्लाईओवर का काम भी चल पड़ा है। कॉमर्स कॉलेज और हाट रोड तरफ बनने वाले सभी 9 पिलर लगभग तैयार हो गए हैं। 12 हितग्राहियों का मुआवजा नहीं बंटने के कारण बिजली के पोल और लाइन शिफ्ट नहीं हो पा रही थी। प्रशासन ने 38 लाख का अवॉर्ड पास कर दिया है। सेतु विकास निगम ने लाइन शिफ्टिंग के लिए टेंडर कर दिया। दो सप्ताह में मुआवजा बंटते ही बिजली लाइन शिफ्ट होने लगेगी। बिजली पोल व मुआवजा बढ़ने से प्रोजेक्ट कास्ट में 9 करोड़ रुपए का इजाफा हो गया है। 2016 की डीपीआर के मुताबिक पहले इस काम में 25 करोड़ लगना थे। अब 34 करोड़ लगेंगे।

### रिटेनिंग वॉल खोदेंगे आज से

*छोटे पेड़ हटा दिए गए हैं। बुधवार से रिटेनिंग वॉल बनाने खुदाई शुरू हो जाएगी। सुभाष नगर फ्लाईओवर का काम भी धीरे-धीरे चल रहा है। मुआवजा बंटने और बिजली लाइन शिफ्ट होने के बाद इसमें तेजी आएगी।*
**आरके गुप्ता,** एसडीओ, सेतु विकास निगम

*ठेकेदार बहुत धीमा काम कर रहे हैं। निर्माण सामग्री पड़ी होने से पैदल चलना भी मुश्किल है।*
**रवि वर्मा,** रहवासी सुभाष नगर

भास्कर

दै. भास्कर 18/8/21

**विशेषज्ञों ने की समीक्षा** : आइसीएमआर ने प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजी रिपोर्ट

# तीसरी लहर दूसरी से कम घातक, कोविड प्रोटोकॉल अनदेखी बिगाड़ सकती है स्थिति

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

नई दिल्ली. देश में कोरोना की तीसरी लहर दूसरी लहर जितनी घातक नहीं होगी। नए वेरिएंट से संक्रमितों की संख्या तो बढ़ेगी लेकिन दूसरी लहर जितने गंभीर केस नहीं होंगे। यह बात भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) ने प्रधानमंत्री व स्वास्थ्य मंत्रालय को भेजी रिपोर्ट में कही है। आइसीएमआर ने आशंका जताई, कोविड प्रोटोकॉल की अनदेखी स्थिति बिगाड़ सकती है।

## चार बिंदुओं पर आधारित है रिपोर्ट

**विशेषज्ञों** द्वारा तैयार रिपोर्ट में चार बिंदुओं की समीक्षा के आधार पर तैयार किया गया है। टीकाकृत मरीजों में संक्रमण, ठीक हुए मरीजों में प्रतिरक्षा, लॉकडाउन व कोविड प्रोटोकॉल पालना के दौरान संक्रमण की स्थिति। वैक्सीनेशन की गति बढ़ाने की बात कही है।

## यहां ज्यादा वैक्सीनेशन

| देश | वैक्सीनेशन | संक्रमण |
|---|---|---|
| ब्रिटेन | 70 | 418.85 |
| फ्रांस | 68 | 363.15 |
| इटली | 67 | 104.56 |
| जर्मनी | 63 | 51.88 |
| अमरीका | 59 | 394.89 |
| ब्राजील | 57 | 133.36 |
| भारत | 31 | 26.45 |
| रूस | 28 | 145.65 |

वैक्सीनेशन आंकड़े % में, संक्रमण प्रति 10 लाख पर औसत।

*आंकड़े: आवर वर्ड इन डाटा डॉट ओआरजी*

पत्रिका 18/8/21

**दो महीने में बदली तस्वीर • कोरोना थमने के बाद अब वायरल फीवर कर रहा बीमार, पैथोलॉजी में जांचें भी बढ़ीं**

# वायरल फीवर : 1200 तक रहने वाली ओपीडी 1800 पार

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर में ज्यादातर लोगों को बुखार, सर्दी की दिक्कत हो रही है। दरअसल कोरोना के बाद अब वायरल फीवर कब्जा जमा रहा है। असर, जिला अस्पताल में भी दिख रहा है। अगस्त महीने के शुरुआती दिनों में 1200 तक रहने वाली ओपीडी 1800 पार पहुंच गई है। मंगलवार को पैथोलॉजी के बाहर जांच के लिए मरीजों की भी लंबी कतार देखने को मिली।

जिला अस्पताल की तस्वीर बदल गई है। अप्रैल-मई-जून में कोई यहां आना नहीं चाह रहा था कोरोना की दूसरी लहर चरम पर थी, ऐसे में अस्पताल से भी मरीज कम हो गए थे। फीवर क्लिनिक में मरीजों की भारी भीड़ थी। अब नजारा बदल गया है। फीवर क्लिनिक में इक्का-दुक्का ही मरीज दिख रहे हैं। वहीं जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ना शुरू हो चुकी है। बुखार-कमजोरी की शिकायत लेकर पहुंचने वाले मरीजों की संख्या ज्यादा है।

## मंगलवार को शाम तक 1600 से ज्यादा मरीज पहुंचे



ये जिला अस्पताल की पैथोलॉजी लैब की तस्वीर है। मंगलवार को यहां इस तरह नजारा था।

इधर, ई-हॉस्पिटल पर रजिस्ट्रेशन के मुताबिक मंगलवार को 1600 से ज्यादा मरीज पहुंचे। वहीं 16 अगस्त को ओपीडी 1821 थी। 4 अगस्त को मरीजों की संख्या 1216 थी, वहीं 5 अगस्त को 1435 थी जो 9 अगस्त तक की सर्वाधिक है। इसके बाद से मरीजों का आंकड़ा 1400 के पार हो गया। 11, 13 और 14 अगस्त को मरीजों की संख्या 1500 के पार हो गई।

भास्कर

## अप्रैल-मई-जून में कम हो गई थी संख्या

| माह | मरीज रजिस्ट्रेशन |
|---|---|
| जनवरी | 23184 |
| फरवरी | 24157 |
| मार्च | 28177 |
| अप्रैल | 17717 |
| मई | 14916 |
| जून | 20919 |
| जुलाई | 27516 |

**ओपीडी बहुत ज्यादा हो गई है :**

*अस्पताल में मरीजों की संख्या अचानक से बढ़ी है, सीजनल के कारण ऐसा हो रहा है। सबसे ज्यादा मरीज बुखार, सर्दी-खांसी के आ रहे हैं। ज्यादातर मरीज ऐसे ही हैं।*

**डॉ. आनंद चंदेलकर,** सिविल सर्जन, जिला अस्पताल, रतलाम

दै.भास्कर 18/8/21

## मोहर्रम पर 20 को प्रदेश में अवकाश

**भोपाल@पत्रिका.** राज्य में 20 अगस्त को मोहर्रम के मौके पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा। सरकारी दफ्तरों की छुट्टी रहेगी। पहले यह अवकाश 19 अगस्त को घोषित था। सीएम शिवराज सिंह चौहान से मुस्लिम समुदाय ने अवकाश 20 अगस्त को करने की मांग की थी। इसके बाद 20 अगस्त का आदेश जारी किया गया है। उधर, बिरसा मुंडा जयंती पर 15 नवंबर को सामान्य अवकाश होगा। पहले यह ऐच्छिक था।

पत्रिका 18/8/21

## मोहर्रम का अवकाश 20 को

रतलाम ● सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 20 अगस्त को मोहर्रम के उपलक्ष्य में सार्वजनिक व सामान्य अवकाश घोषित करने के आदेश जारी कर दिए है। इसके पूर्व घोषित 19 अगस्त का अवकाश निरस्त किया गया है। मुस्लिम कैलेंडर के मोहर्रम महीने में दसवीं तिथि को मोहर्रम मनाया जाता है। स्वदेश

स्वदेश 18/8/21

## 19 अगस्त के स्थान पर 20 अगस्त को होगा मोहर्रम अवकाश

रतलाम। सामान्य प्रशासन विभाग ने शुक्रवार 20 अगस्त 2021 को मोहर्रम के उपलक्ष्य में सार्वजनिक व सामान्य अवकाश घोषित करने के आदेश जारी कर दिए हैं। पूर्व में घोषित 19 अगस्त 2021 के अवकाश को निरस्त किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान से इस संबंध में मुस्लिम समुदाय द्वारा हाल ही में अनुरोध किया गया था कि यह अवकाश 20 अगस्त को किया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अनुरोध स्वीकार करते हुए इस संबंध में आवश्यक आदेश जारी करने के निर्देश दिए। प्रसारण

प्रसारण 18/8/21

## बकाया राशि एक मुश्त जमा कराने पर मिलेगा लाभ

# 31 अगस्त तक निगम के करों में पेनल्टी में दी छूट

रतलाम ● स्वदेश समाचार

कोरोना वायरस (कोविड-19) वैश्विक महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण प्रायः रोजगार में कमी, उद्योग-धंधे में गिरावट, सर्विस सेक्टर आदि में शिथिलता परिलक्षित होने के फलस्वरूप निगम से संबंधित करों, उपभोक्ता प्रभार आदि की बकाया राशि एक मुश्त जमा कराने पर अधिभार (पेनल्टी) में 31 अगस्त तक छूट दी जा रही है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि संपत्ति कर तथा अधिभार की राशि रुपए 50,000 तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट, संपत्ति कर तथा अधिभार की राशि रुपए 50,000 से अधिक तथा रुपए 1,00,000 तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट व संपत्ति कर तथा अधिभार की राशि रुमए 1,00,000 से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इसके अलावा जल कर अधिभार

### 50,000 तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट

की राशि रुपए 10,000 तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट, जल कर तथा अधिभार की राशि रुपए 10,000 से अधिक तथा रुपए 50,000 तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट, जल कर तथा अधिभार की राशि रुपए 50,000 से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इसी तरह नगरीय निकायों द्वारा चयन की गई परिसंपत्तियों के भूभाटक/किराये की अधिभार सहित कुल देय राशि रुपए 20,000 तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट, अधिभार सहित कुल देय राशि रुपए 20,000 से 50,000 तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट तथा अधिभार सहित कुल देय राशि रुपए 50,000 से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। उक्त छूट मात्र अधिभार पर लागू होगी तथा ब्याज, स्टॉप ड्यूटी, मूल कर, मूल उपभोक्ता प्रभार अथवा मूल भूभाटक/किराये पर लागू नहीं होगी। नगर निगम द्वारा नागरिकों से अपील है कि संपत्ति कर, जल कर व नगरीय निकायों द्वारा चयन की गई परिसंपत्तियों के भूभाटक/किराये की बकाया राशि नगर निगम कार्यालय में जमा कर उक्तानुसार छूट प्राप्त करें। स्वदेश

स्वदेश 18/8/21

## निगम से संबंधित करों की बकाया राशि जमा कर अधिभार (पेनल्टी) में छूट प्राप्त करें

रतलाम। शासन निर्देशानुसार नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) वैश्विक महामारी से
उत्पन्न परिस्थितियों के कारण प्राय: रोजगार में कमी, उद्योग-धंधे में गिरावट, सर्विस सेक्टर
आदि में विथिलता परिलक्षित होने के फलस्वरूप निगम से संबंधित करों, उपभोक्ता प्रभार आदि
की बकाया राशि एक मुश्त जमा कराने पर अधिभार (पेनल्टी) में 31 अगस्त 2021 तक छूट
दी जा रही है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि संपतिकर तथा अधिभार की राषि
रूपये 50,000/- (रूपये पचास हजार) तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत
की छूट, संपतिकर तथा अधिभार की राषि रूपये 50,000/- (रूपये पचास हजार) से अधिक
तथा रूपये 1,00,000/-(रूपये एक लाख) तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50
प्रतिषत की छूट व संपतिकर तथा अधिभार की राषि रूपये 1,00,000/- (रूपये एक लाख)
से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिषत की छूट दी जा रही है। इसके अलावा
जलकर अधिभार की राशि रूपये 10,000/- (रूपये दस हजार) तक बकाया होने पर 100
प्रतिशत की छूट, जलकर तथा अधिभार की राषि रूपये 10,000/- (दस हजार) से अधिक
तथा रूपये 50,000/- (पचास हजार) तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिषत की
छूट, जलकर तथा अधिभार की राषि रूपये 50,000/- (पचास हजार) से अधिक बकाया
होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिषत की छूट दी जा रही है। प्रसारण

प्रसारण 18/8/21

# शहर के मास्टर प्लान 2035 के प्रारूप पर आई 289 आपत्तियां

**तैयारियां** • प्रकाशन की प्रक्रिया के बाद अब निराकरण के बाद पर्यावरण मंत्रालय क भेजेंगे

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** शहर के मास्टर प्लान वर्ष-2035 के ड्राफ्ट पर आपत्ति-सुझाव देने की समय सीमा 11 अगस्त को खत्म हो गई। कुल 289 आपत्ति-सुझाव आए हैं। अब इनके निराकरण की प्रक्रिया पूरी कर स्वीकृति के लिए ड्राफ्ट आवास व पर्यावरण मंत्रालय भेजा जाएगा।

मालूम हो कि छह फरवरी 2021 को प्लान जारी होने के बाद सात मार्च 2021 तक आई 277 आपत्तियों के निराकरण के लिए 24 अप्रैल से सुनवाई होना थी, लेकिन लाकडाउन के कारण सुनवाई नहीं हो पाई। नगर व ग्राम निवेश विभाग ने इसके चलते 12 जुलाई को दोबारा प्रारूप प्रकाशन के 30 दिन की अवधि में मास्टर प्लान पर आपत्ति, सुझाव मांगे थे।

**हनुमान ताल के समीप की भूमि पर ज्यादा आपत्ति :** मास्टर प्लान में चिह्नित ग्रीन बेल्ट, आवासीय प्रयोजन आदि पर आपत्ति मिली है। हनुमान ताल के पास की कुछ जमीनों का लैंड यूज कृषि उपयोग व क्षेत्रीय उद्यान से आवासीय करने पर भी आपत्ति है। ग्राम बंजली की चुनिंदा जमीनों को आवासीय करने पर भी आपत्ति दर्ज कराई गई है। सितंबर माह के प्रारंभ में निराकरण के लिए सुनवाई हो सकती है।

**जनप्रतिनिधियों को दिया था प्रजेंटेशन :** ड्राफ्ट प्रकाशन से पहले 12 जनवरी 2021 को हुई बैठक में विभाग द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुतिकरण दिया गया था। इसके बाद कुछ सुझाव जोड़कर ड्राफ्ट तैयार किया गया। मैप तैयार करने में भारतीय सर्वेक्षण विभाग से टोपोशीट के आधार पर काम किया गया है। प्रस्तावित प्रविधान में राष्ट्रीय राजमार्ग एक पर सड़क के दोनों ओर 200-200 मीटर की गहराई में, राष्ट्रीय राजमार्ग-एक से सैलाना निवेश क्षेत्र की ओर 250-250 मीटर, सेजावता से बंजली बायपास पर सड़क के एक ओर 150 मीटर तक, राष्ट्रीय राजमार्ग एक पर मंदसौर की ओर 250-250 मीटर के क्षेत्र में आवासीय, अर्धशासकीय, वाणिज्यिक, सार्वजनिक प्रयोजन के लिए निर्माण किए जा सकेंगे।



ड्रोन कैमरे से लिया गया रतलाम शहर का दृश्य। • फाइल फोटो

### शहर में आवासीय क्षेत्र बढ़ा दिया

मास्टर प्लान 2035 में नगरीय व ग्रामीण दोनों क्षेत्र में वृद्धि की गई है। वर्ष 2021 में कुल निवेश क्षेत्र का क्षेत्रफल 10163 हेक्टेयर था। इसमें नगरीय क्षेत्र 2425.30 व ग्रामीण क्षेत्र 7738.40 हेक्टेयर था। वर्ष 2035 में ग्रामीण क्षेत्र में कमी करते हुए 7106.49 हेक्टेयर कर दिया गया। नगरीय क्षेत्र बढ़ाकर 3211.64 हेक्टेयर व ग्रामीण क्षेत्रों की संख्या 13 रखी गई है।

> मास्टर प्लान 2035 के ड्राफ्ट पर 289 आपत्तियां मिली हैं। जल्द ही आगे की प्रक्रिया शुरू होगी।
>
> **–जीएल वर्मा**, सहायक संचालक, नगर व ग्राम निवेश विभाग, रतलाम

नईदुनिया 18/8/21

# काम नहीं करने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई

**रतलाम, नप्र।** जुलवानिया में जल जीवन मिशन के तहत काम ठीक से नहीं हो रहा है। वहां काम सुधारा जाए। आलोट नगर परिषद् अधिकारी भी अपने काम में सुधार लाएं।

ये निर्देश जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षीसिंह ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में आपका परफारमेंस बिल्कुल ठीक नहीं है, आपके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। जल जीवन मिशन में काम ठीक से नहीं कर रहे ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करें। आलोट नगर परिषद् अधिकारी को भी कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश दिए। उनका परफॉर्मेंस सीएम हेल्पलाइन में कमजोर पाया गया। यह भी पाया कि श्रम विभाग के इंस्पेक्टर जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और नगरपालिका अधिकारियों से संपर्क नहीं कर रहे है उनको कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में रतलाम जनपद सीईओ को भी काम की गति तेज करने के निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड बनाने में सैलाना, बाजना में प्रगति कमजोर पाए जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए बड़े ग्रामों में केम्प लगाने के निर्देश दिए।

पृ. क्र. 17

प्रभात किरण 17/8/21

बोले जिम्मेदार रिपोर्ट आई थी नेगेटिव


# खतरा टला नहीं : मेडिकल कॉलेज के कोविड हॉस्पिटल में 3 मरीज की मौत

## कोरोना संक्रमण की पुष्टि नहीं, अन्य संक्रमण व कारणों से मौत, मेडिकल कॉलेज में 15 अगस्त को हुई थी मौत

पत्रिका

एक्सक्लूसिव

### स्वास्थ्य विभाग का अमला बोला कोविड पॉजिटिव नहीं थे



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर थमने के बाद मेडिकल कॉलेज में 2 दिन पूर्व हुई तीन मौत ने एक बार फिर से सबको हिला कर रख दिया है। कोविड हॉस्पिटल में भर्ती इन मरीजों की मौत के बाद मेडिकल कॉलेज और स्वास्थ्य विभाग अपनी अलग ही दलील दे रहा है। उनकी माने तो तीनों मरीज कोविड पॉजिटिव नहीं थे लेकिन बड़ा सवाल यह है कि फिर ऐसा क्या कारण रहा कि एक के बाद एक तीन मौत हो गई।

वर्तमान में कहने के लिए रतलाम जिले में सिर्फ कोविड के दो मरीज है और उनका स्वास्थ्य भी बेहतर है। यदि यह सच है तो मेडिकल कॉलेज में जो मरीज भर्ती हैं, उन्हें किन कारणों से भर्ती किया गया है और जो यह मौतें हुई है इसके पीछे की वजह कोविड के लक्षण तो नहीं। दरअसल कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के बाद विशेषज्ञों द्वारा यह दावा किया जा रहा था कि अगस्त से तीसरी लहर की शुरुआत हो सकती हैं। ऐसे में सवाल यही है कि कहीं यह तीसरी लहर की शुरुआत तो नहीं। हालांकि इस मामले में मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर महेंद्र चौहान के द्वारा तीनों ही मौत अलग-अलग कारणों से होना बताई है लेकिन एक मरीज में कोविड के लक्षण होने की बात भी स्वीकार रहे है।

### नेगेटिव आई थी रिपोर्ट

स्वास्थ्य विभाग की माने तो तीनों मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने के चलते उन्हे संदिग्ध मानते हुए मेडिकल कॉलेज के कोविड हॉस्पिटल मे भर्ती किया गया था लेकिन जब इनके कोविड टेस्ट किए गए तो रिपोर्ट नेगेटिव आई थी। बताया जा रहा है कि यह मरीज बीते कुछ दिनों से यहां भर्ती होकर उपचारत थे। यहां पर इन मरीजों को बेहतर उपचार भी मिला लेकिन इनके स्वास्थ्य में सुधार नही हो सका और इन्होने दम तोड़ दिया।

### यह बता रहे वजह

तीनों मरीजों की मौत के मामले के पीछे कई ओर कारण भी होना बताए जा रहे है। इनमें टीबी, फरकोलेसिस, फरनियस गैंगरिन सहित अन्य कारण बताए जा रहे है। मुख्यत: एक मरीज को सिर में गंभीर चोट होने के कारण से वह ठीक नहीं हो पा रहा था। एक मरीज को फरनियस गैंगरिन था, एक मरीज के फैफड़े खराब हो गए थे, जिससे वह रिकवर नहीं हो पाया। मुख्य रूप से यही कारण बताए गए है तीनों मरीजों की मौत के पीछे।

### कोरोना नहीं था

तीनों मरीजों की मौत की वजह अलग है लेकिन कोरोना तीनों को नहीं था। एक मरीज में लक्षण नजर आ रहे थे। फिलहाल रतलाम में तीसरी लहर के लक्षण से जुड़े मामले अब तक नहीं आए है।

**डॉ. महेंद्र चौहान,** विभागाध्यक्ष मेडिसिन विभाग, मेडिकल कॉलेज, रतलाम

पत्रिका 18/8/21

## प्रभारी मंत्री ने नवनिमार्ण कार्य का अवलोकन किया

रतलाम। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया, नगर विधायक चेतन्य काश्यप एवं ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाणा ने राजपूत नवयुवक मण्डल, न्यास एवं महिला मण्डल के पदाधिकारीयों एवं सदस्यों से राजपूत धर्मशाला भवन पर मुलाकात कर धर्मशाला भवन के विस्तार में चल रहे नवनिमार्ण कार्य का अवलोकन किया तथा निमार्ण कार्य के लिए समाज के पदाधिकारीयों को 51 हजार रूपये की अनुदान धनराशी भेंट की।

## स्वतंत्रता संग्राम एवं लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया गया

**सिंघम रिपोर्टर ❒ रतलाम**



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदोरिया ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजमल चौरसिया के निवास पर पहुंचकर उनका शॉल श्रीफल से सम्मान किया तथा स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर विधायक रतलाम शहर चैतन्य काश्यप, विधायक जावरा डा. राजेन्द्र पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, राजेंद्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, जिला पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी उपस्थित थे। अधिकारियो द्वारा विभिन्न लोकतंत्र सेनानियों के निवास पर पहुंचकर उनका शॉल श्रीफल से सम्मान किया।

सिंघम 17/8/21


# शान से लहराया तिरंगा

## मुख्य समारोह स्थल पर जिला प्रभारी मंत्री ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली

सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम

स्वतंत्रता दिवस समारोह रतलाम में देशभक्ति पूर्ण वातावरण में मनाया गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित किया गया, जहां प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप, विधायक जावरा डा.राजेन्द्र पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, राजेंद्रसिंह लुनेरा, जिला पंचायत प्रधान प्रमेश मईडा, श्रीमती संगीता चारेल, के.के. सिंह कालूखेडा, अशोक पोरवाल, निमिष व्यास, डीआईजी सुशांत सक्सेना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, जिला पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षी सिंह, एडीएम श्रीमती जमुना भिड़े, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री भदोरिया ने परेड का निरीक्षण किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। प्रभारी मंत्री ने गुब्बारे छोड़कर देश की सांस्कृतिक विविधता का परिचय दिया। पुलिस परेड द्वारा हर्ष फायर किया गया, इसके पश्चात मार्च पास्ट हुआ। प्रभारी मंत्री द्वारा परेड कमांडर से परिचय प्राप्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर एवं डॉ. पूर्णिमा शर्मा ने किया।





### आकर्षक परेड हुई

परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक त्रिलावनसिंह कवर के नेतृत्व में आकर्षक परेड हुई इसमें सेकंड कमांडर सूबेदार अनोखीलाल परमार, एसएएफ 24वीं कंपनी, जिला पुलिस बल, जिला पुलिस महिला बल एवं जिला होमगार्ड बल के प्लाटून शामिल रहे।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला पुरस्कार

स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। सर्वप्रथम जनपद पंचायत जावरा को भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय द्वारा वर्ष 2019-20 में किए गए मूल्यांकन के आधार पर दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार दिया गया। सीईओ जनपद पंचायत आरबीएस दंडोतिया ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। कोविड काल में उत्कृष्ट कार्य करने पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। इनमें जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. गौरव बोरीवाल, श्रीमती खैरुन्निसा खान, शशिकांत, श्रीमती मंगला ठाकुर, श्रीमती ललिता कारपेंटर, विनोद गहलोत, प्रशांत जोशी, श्रीमती अनवर बानो कुरेशी, सुश्री दीपा उज्जवल, अनिल राठौर, नवजोतसिंह कुशवाह, वर्षा मसीह, सीमा शेखावत, राकेश सोलंकी, चंदा भाटिया, मुकेश कुमार देवड़ा एवं वीना पाल को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

सिंघम-17

सिंघम 17/8/21

# डेंगू : 3 दिन में सामने आए 15 नए मामले, 154 केस मिल चुके

## पिछले साल से चार गुना डेंगू के केस सामने आए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

हमारे शहर में डेंगू के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। पिछले तीन दिनों में ही 15 नए मामले सामने आ गए हैं। इसी के साथ अब तक जिले में एलाइजा और किट से पॉजिटिव 154 केस हो चुके हैं।

जिले में अब तक पिछले साल से करीब 4 गुना डेंगू के केस मिल चुके हैं। 2020 में डेंगू के सिर्फ 5 मामले ही सामने आए थे। जबकि पिछले साल सितंबर से केस बढ़ना शुरू हुए थे, सालभर में 42 मामले मिले थे। इधर, अभी तीन दिन में 15 नए मामले सामने आ गए हैं। अब तक डेंगू के एलाइजा टेस्ट से 134 तो वहीं, किट से 20 पॉजिटिव मिले हैं। कुल 154 डेंगू के केस मिल चुके हैं।

**आज से प्यून संभालेंगे जिम्मेदारी -** इधर, सरकारी विभागों में डेंगू कब्जा ना जमाए, इसके लिए प्यून मंगलवार से जिम्मेदारी संभालेंगे। पानी की टंकी, कूलर, नल वॉशरूम पर लार्वा को लेकर ध्यान दिया जाएगा।

## सर्वे तेज किया जाएगा

*डेंगू के मामले लगातार मिल रहे हैं लेकिन गंभीर मामले नहीं है। मंगलवार को पांच केस मिले हैं, इनमें से एक अन्य जिले का है। शहर में सर्वे तेज किया जाएगा।*
**डॉ. प्रमोद प्रजापति,** मलेरिया अधिकारी, रतलाम

दै. भास्कर 18/8/21

# निजी अस्पतालों में मिले डेंगू के पांच संदिग्ध मरीज

**रतलाम।** जिला अस्पताल लैब के एलाइजा टेस्ट में मंगलवार को एक भी डेंगू का नया मरीज नहीं मिला जबकि निजी अस्पतालों में उपचार ले रहे पांच लोग किट से जांच में डेंगू पाजिटिव मिले हैं। अब एलायजा टेस्ट कराया जाएगा।

शहर में मंगलवार से फिर फीवर सर्वे चालू हो गया है, हालांकि कोरोना वैक्सीनशन के कारण कम ही घरों तक टीम पहुंच पाई है। बुधवार से सर्वे में एक बार फिर तेजी लाने की तैयारी है। जिले में लगातार मिल रहे डेंगू के मामलों को गंभीरता से लेते हुए मलेरिया विभाग चार अगस्त से शहर में फीवर सर्वे करा रहा है। इस बीच 58 सामान्य बुखार के मरीज मिले। इन सभी में मलेरिया और डेंगू की जांच कराई गई तो छह में डेंगू भी निकला। अब तक 11105 घरों का सर्वे किया गया, जिसमें 797 घरों में लार्वा मिला जिसे नष्ट कराया गया और होम्यापैथी दवा का वितरण किया। इस साल जिले में अब तक 120 डेंगू के मरीज मिले हैं, जिसमें शहर के 81 व शेष ग्रामीण क्षेत्रों के हैं। इनके अलावा मंगलवार को पांच नए संदिग्ध मरीज मिले हैं। दोनों तरह के मरीजों को मिलाकर अब 160 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि सर्वे के आधार पर रेड जोन भी चिह्नित कर रहे हैं।

नईदुनिया 18/8/21

# शहर में सालभर मनाया जाएगा आजादी का अमृत महोत्सव : विधायक काश्यप

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर में स्वतंत्रता के 75वें साल को अमृत महोत्सव के रूप में मनाते हुए सालभर विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। अक्टूबर से आयोजनों की शुरुआत हो जाएगी।

इसके लिए विधायक चेतन्य काश्यप ने शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय वाते, शिक्षाविद् डॉ. मुरलीधर चांदनीवाला, प्रो. प्रदीपसिंह राव, निर्मल लुनिया से चर्चा की रूपरेखा बनाई। कार्यक्रम करवाने के लिए अमृत महोत्सव रतलाम के नाम से समिति का गठन किया जाएगा जो स्वतंत्रता आंदोलन में रतलाम की भूमिका विषय पर विशेष आयोजन करेगी।

विधायक काश्यप ने बताया अमृत महोत्सव में बुद्धिजीवियों, युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग कार्यक्रम होंगे। साथ ही स्वतंत्रता से जुड़ी स्मृतियों पर केंद्रित व्याख्यान एवं प्रदर्शनी लगाई जाएगी। स्वाधीनता संग्राम सेनानियों पर आधारित परिचर्चा भी होगी। विधायक काश्यप ने बताया कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने समिति का गठन जल्द किया जाएगा। आभार

## टीकाकरण के लिए दस्तक देंगे भाजपा कार्यकर्ता

रतलाम | कोरोना महामारी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान में अब तक जिले में 87 प्रतिशत टीकाकरण हो चुका है। इसे 100 प्रतिशत तक ले जाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता घर-घर दस्तक देने का अभियान चलाएंगे। इसकी तैयारियों को लेकर विधायक चेतन्य काश्यप ने टीकाकरण प्रभारियों व मंडल पदाधिकारियों की बैठक ली। इसमें विधायक काश्यप ने कहा शहर में मात्र 13 प्रतिशत नागरिकों का टीकाकरण होना है। 15 दिनों तक घर-घर जाकर दस्तक देकर टीके लगवाए जाएंगे। सोमेश पालीवाल, निर्मल कटारिया, नीलेश गांधी, मयुर पुरोहित, कृष्णकुमार सोनी, राकेश परमार, विनोद यादव, गौरव मूणत, आशीष पंडित, नितिन तिवारी आदि उपस्थित रहे।

दै. भास्कर 18/8/21

# देश में टीकाकरण का रिकार्ड, 88.13 लाख डोज लगाई

## जिंदगी का टीका • अब तक 45 फीसद वयस्कों को पहली और 13 फीसद को दोनों डोज लगाई गईं

नई दिल्ली(एजेंसी)। इस साल के आखिर तक देश के सभी पात्र वयस्कों को कोरोना रोधी टीका लगाने के लक्ष्य को हासिल कर लेने की उम्मीद बढ़ गई है। देश ने पिछले 24 घंटे के दौरान 88.13 लाख टीके लगाकर कोरोना वायरस के खिलाफ टीकाकरण अभियान में एक दिन में सर्वाधिक टीके लगाने के अपने ही रिकार्ड को ध्वस्त किया है। इसे पहले टीकाकरण महाभियान के पहले दिन 21 जून को 87 लाख से ज्यादा डोज लगाई गई थीं। रिकार्ड टीकाकरण पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने ट्वीट कर बधाई दी। उन्होंने लिखा, 'भारत ने एक दिन में कोरोना के टीके लगाने में सर्वोच्च रिकार्ड हासिल किया है। कल का दिन दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान में दर्ज होगा। बधाई हो।'

मंगलवार सुबह सात बजे तक की अस्थायी रिपोर्ट के मुताबिक देश भर में अब तक कुल 55.47 करोड़ से ज्यादा डोज लगाई जा चुकी हैं। इसके लिए 62.12 लाख से ज्यादा टीका सत्रों का आयोजन किया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि 88.13 लाख डोज लगाने के साथ ही समग्र टीकाकरण का दायरा बढ़कर 55.47 करोड़ हो गया है। इसमें 45 फीसद पात्र वयस्क लोगों ने वैक्सीन की पहली और 13 फीसद पात्र लोगों ने दोनों डोज लगवाई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सात जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दिन यानी 21 जून से टीकाकरण का महाभियान शुरू करने का एलान किया था।



मुंबई में मंगलवार को एक सिनेमा हाल में बने अस्थायी टीकाकरण केंद्र पर कोरोना रोधी टीका लगवाती महिला। • पीटीआइ

### पांच महीने बाद मिले सबसे कम 25 हजार नए मामले

नई दिल्ली(ब्यूरो)। देश में पांच महीने से कुछ अधिक समय बाद सबसे कम 25 हजार नए मामले पाए गए हैं। करीब पांच महीने बाद सक्रिय मामले भी सबसे कम 3.69 लाख पर आ गए हैं जो कुल मामलों का 1.15 फीसद है। केरल में करीब 50 फीसद नए मामलों का मिलना जारी है। 25 हजार मामलों में से अकेले केरल से ही 12 हजार केस हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से मंगलवार सुबह अपडेट किए गए आंकड़ों के मुताबिक 24 घंटे के दौरान सक्रिय मामलों में 12,101 की गिरावट हुई है, जो हाल के दिनों में सबसे ज्यादा कमी है।

नईदुनिया 18/8/21

# आज जिले में 52 केंद्रों पर वैक्सीनेशन होगा

रतलाम। रतलाम शहर में बुधवार को कम्युनिटी हाल अलकापुरी, काश्यप सभागृह सागोद रोड पर कोविशील्ड के केवल दूसरे डोज का वैक्सीनेशन किया जाएगा। न्यू कलेक्टोरेट केंद्र पर विदेश यात्रा करने वाले एवं शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। आफिसर्स क्लब डीआरएम आफिस दो बत्ती रोड केंद्र पर कोवैक्सीन का दूसरा डोज लगाया जाएगा




### जिले में इस तरह होगा वैक्सीनेशन

- आलोट क्षेत्र- आंबेडकर भवन, कम्युनिटी हाल ताल, ग्राम तालोद, पुलिस चौकी के सामने खारवाकलां, ग्राम किशनगढ़, भैंसाना, लसूड़िया जंगली, कानड़िया, नारायणगढ़।
- बाजना क्षेत्र- ग्राम पंचायत मानपुरा, चंद्रगढ़ झोली, संदला, बिन्टी, रूपापाडा, नायन, सदेड़ा, घटलिया, डाबरी।
- जावरा क्षेत्र- ग्राम पंचायत धतरावदा, गोंदीशंकर, लसूड़िया जंगली, सरसी, बड़ावदा, लालाखेड़ा, हुसैन टेकरी, रिंगनोद, ढोढर, प्राथमिक विद्यालय ऊंटखाना, आयुर्वेदिक हास्पिटल जावरा, आंबेडकर भवन जावरा, नगर पालिका टाउन हाल एक।
- पिपलौदा क्षेत्र- पंचायत भवन चौरासी बड़ायला, नवीन स्कूल भवन मामटखेड़ा, हसनपालिया, मावता, प्राथमिक विद्यालय पंचेवा।
- रतलाम ग्रामीण- ग्राम रिंगनिया, कुआंझागर, पलसोड़ी, प्रीतमनगर।
- सैलाना क्षेत्र- शासकीय बालक हायर सेकंडरी स्कूल सैलाना, ग्राम पंचायत सेमलखेड़ा, नारायणगढ़, बायड़ी, इंद्रावल खुर्द, प्राथमिक विद्यालय पड़ाव, बोरदा और सांसर।

# आज 52 जगह वैक्सीनेशन, सागोद रोड और अलकापुरी पर दूसरा डोज

### न्यू कलेक्टोरेट में सरकारी कर्मियों को लगेंगे टीके

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में कोरोना वैक्सीनेशन तेजी से हो रहा है। बुधवार को जिले के 52 केंद्रों पर टीके लगाए जाएंगे। रतलाम शहरी क्षेत्र में कम्युनिटी हॉल अलकापुरी और काश्यप सभागृह सागोद रोड में कोविशील्ड का दूसरा डोज लगाया जाएगा। न्यू कलेक्टोरेट केंद्र में विदेश यात्रा करने वाले और शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों का कोविशील्ड का वैक्सीनेशन होगा। रतलाम शहर के ऑफिसर्स क्लब, डीआरएम ऑफिस, दो-बत्ती रोड केंद्र पर को-वैक्सीन का दूसरा डोज लगाया जाएगा।

### यहां भी होगा वैक्सीनेशन

**बाजना :** मानपुरा, चंद्रगढ़ झोली, संदला, बिन्टी, रूपापाडा, नायन, सदेडा, घटलिया, डाबरी।
**पिपलौदा :** पंचायत भवन चौरासी बड़ायला, नवीन स्कूल भवन मामटखेड़ा, हसनपालिया, मावता, प्राथमिक विद्यालय पंचेवा।
**रतलाम ग्रामीण :** ग्राम रिंगनिया, कुआंझागर, पलसोड़ी, प्रीतमनगर।
**सैलाना :** बालक हायर सेकंडरी स्कूल, सेमलखेड़ा, नारायणगढ़, बायडी, इंद्रावल खुर्द, प्राथमिक विफालय पड़ाव, बोरदा व सांसर।
**आलोट :** आंबेडकर भवन आलोट, कम्युनिटी हॉल ताल, ग्राम तालोद, पुलिस चौकी के सामने खारवाकलां, ग्राम किशनगढ़

दै. भास्कर 18/8/21

## अस्थाई पात्रता पर्ची के लिए अब 31 तक दस्तावेज जमा होंगे

रतलाम। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत छूटे हुए गरीब परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हितग्राहियों से पात्रता संबंधी घोषणा पत्र के आधार पर स्थाई पर्ची जारी करने के निर्देश दिए गए थे। ऐसे हितग्राही जिनको अस्थाई पात्रता पर्ची जारी की गई है, उन्हें स्थाई पात्रता पर्ची के लिए पात्रता श्रेणी संबंधी दस्तावेज एवं सभी सदस्यों के आधार नंबर स्थानीय निकायों को उपलब्ध कराने की तिथि 31 जुलाई नियत की गई थी। इस समयावधि में वृद्धि करते हुए दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2021 नियत की गई है।

## 20 को होगा मोहर्रम अवकाश

रतलाम। सामान्य प्रशासन विभाग ने शुक्रवार 20 अगस्त 2021 को मोहर्रम के उपलक्ष्य में सार्वजनिक व सामान्य अवकाश घोषित करने के आदेश जारी कर दिए हैं। पूर्व में घोषित 19 अगस्त 2021 के अवकाश को निरस्त किया गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान से इस संबंध में मुस्लिम समुदाय द्वारा हाल ही में अनुरोध किया गया था कि यह अवकाश 20 अगस्त को किया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अनुरोध स्वीकार करते हुए इस संबंध में आवश्यक आदेश जारी करने के निर्देश दिए।

18/8/21

## अस्थाई पात्रता पर्ची के अब 31 अगस्त तक दस्तावेज जमा होंगे

रतलाम। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत छूटे हुए गरीब परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हितग्राहियों से पात्रता संबंधी घोषणा पत्र के आधार पर स्थाई पर्ची जारी करने के निर्देश दिए गए थे। ऐसे हितग्राही जिनको अस्थाई पात्रता पर्ची जारी की गई है, उन्हें स्थाई पात्रता पर्ची के लिए पात्रता श्रेणी संबंधी दस्तावेज एवं सभी सदस्यों के आधार नंबर स्थानीय निकायों को उपलब्ध कराने की तिथि 31 जुलाई नियत की गई थी। इस समयावधि में वृद्धि करते हुए दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2021 नियत की गई है।

18/8/21

# रतलाम में वर्षभर विभिन्न आयोजनों के साथ मनाएंगे अमृत महोत्सव

**रतलाम।** भारत की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होना हर देशवासी के लिए गौरवपूर्ण है। रतलाम में भी स्वतंत्रता का 75वां वर्ष अमृत महोत्सव के रूप में गरिमामय आयोजनों के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए विधायक चेतन्य काश्यप ने प्रबुद्धजनों शासकीय कला व विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संजय वाते, शिक्षाविद् डा. मुरलीधर चांदनीवाला, प्रो. प्रदीपसिंह राव, निर्मल लुनिया को आमंत्रित कर चर्चा की।



अमृत महोत्सव में प्रबुद्धजनों से चर्चा करते विधायक चेतन्य काश्यप। ● नईदुनिया

चर्चा के दौरान पूरे वर्ष विभिन्न वर्गों के लिए कार्यक्रम आयोजित करने के साथ-साथ 'अमृत महोत्सव रतलाम' के नाम से समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया। समिति स्वतंत्रता के आंदोलन में रतलाम की भूमिका विषय पर विशेष आयोजन करेगी। विधायक काश्यप ने कहा कि अमृत महोत्सव पूरे देश में आयोजित हो रहा है। रतलाम में भी इसकी गरिमा अनुरूप कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अमृत महोत्सव के तहत बुद्धिजीवियों, युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करने के साथ-साथ स्वतंत्रता से जुड़ी स्मृतियों पर केंद्रित व्याख्यान एवं प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। स्वाधीनता संग्राम सेनानियों पर आधारित परिचर्चा का आयोजन भी होगा। काश्यप ने कहा कि अमृत महोत्सव के तहत होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने हेतु समिति का गठन जल्द किया जाएगा। समिति द्वारा अक्टूबर माह से अमृत महोत्सव के आयोजनों की शुरुआत की जाएगी।

नईदुनिया।

## आज आठ उचित मूल्य की दुकानों पर बनेंगे आयुष्मान कार्ड

रतलाम। कलेक्टर व प्रशासक नगर निगम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत निरामयम योजना अंतर्गत नगरीय क्षेत्र के शेष रहे पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड वार्डों की उचित मूल्य की दुकानों पर बनाए जा रहे है। बुधवार को फ्रेंड महिला प्राथमिक उपभोक्ता भंडार हाकिमवाड़ा, भगवती प्राथमिक उपभोक्ता भंडार दीनदयाल नगर, विश्वास प्राथमिक उपभोक्ता भंडार फ्रीगंज रोड, जवाहर महिला प्राथमिक उपभोक्ता भंडार अलकापुरी, कर्मशील प्राथमिक उपभोक्ता भंडार विरियाखेड़ी, मां दरबार महिला प्राथमिक उपभोक्ता भंडार थावरिया बाजार, जय भारत प्राथमिक उपभोक्ता भंडार शहर सराय व दीपाली प्राथमिक उपभोक्ता भंडार दिलीप नगर में पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे।

नईदुनिया 18/8/21

# निगम आयुक्त ने निगम भवन पर ध्वजारोहण किया

प्रसारण न्यूज • रतलाम

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम भवन पर ध्वजारोहण किया।

ध्वजारोहण पश्चात निगम आयुक्त झारिया ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को 75 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभाकामना देते हुए कहा कि नगर पालिक निगम रतलाम प्रदेश में अवैध कालोनियों के नियमितिकरण, स्ट्रीट लाईट एनर्जी सेविंग, आईटी सेल सहित कई उत्कृष्ट कार्यो के लिए प्रथम स्थान रखता है यह हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा है कि हर गरीब का उत्थान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है इस हेतु सभी अधिकारी एवं कर्मचारी एकजुट होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने का कार्य करें। निगम आयुक्त श्री झारिया ने कहा कि अगले माह सीवरेज का भी कार्य पुर्ण होकर नगर के नागरिकों को गदे पानी की समस्या से निजात मिलेगी साथ ही नगर ओर भी अधिक साफ व स्वच्छ होगा।



इस अवसर पर निगम उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, मोहम्मद हनीफ शेख, लेखाधिकारी विजय बालोद्रा, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री अरविन्द दशोत्तर, बी.एल. चौधरी, ब्रजेश कुशवाह, अनिता ठाकुर, दीक्षा निजामपुरकर, समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी आयुषी पालीवाल, निज सहायक श्री सुभाष गोयल, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रसारण

प्रसारण 18/8/21